समाचार

नव लोकार्पित ′′ स्नेह सदन ′′ वृद्धाश्रम में उद्योग मंत्री ने की वृद्धजनों से मुलाकात, कम्बल, फल भेंट किया, जाना वृद्धजनों का हालचाल

(मुख्यमंत्री जी के करकमलों से आज ही लोकार्पित हुआ है नवनिर्मित ′′ स्नेह सदन ′′)

कोरबा 12 दिसम्बर 2024 – उद्योग, वाणिज्य एवं श्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने आज मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के करकमलों से लोकार्पित नवनिर्मित ′′ स्नेह सदन ′′ वृद्धाश्रम में पहुंचकर वृद्धजनों से मुलाकात की तथा उन्हें कम्बल व फल भेंट किए। मंत्री श्री देवांगन ने ′′ स्नेह सदन ′′ का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया तथा बेसहारा वृद्धजनों के लिए की गई उत्तम व्यवस्था के लिए जिला प्रशासन व निगम प्रशासन की सराहना की। इस मौके पर कलेक्टर श्री अजीत वसंत, आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय, पार्षद श्री नरेन्द्र देवांगन, प्रफुल्ल तिवारी आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।

यहॉं उल्लेखनीय है कि जिला खनिज न्यास मद के अंतर्गत 01 करोड़ 01 लाख रूपये की लागत से सर्वमंगला मंदिर के पीछे स्थित भवन में ′′ स्नेह सदन ′′ वृद्धाश्रम का नवनिर्माण व स्थापना का कार्य कराया गया है। आज कोरबा प्रवास के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के करकमलों से जिले के अन्य

विकास कार्यो के भूमिपूजन लोकार्पण के साथ–साथ उक्त नवनिर्मित '' स्नेह सदन '' वृद्धाश्रम का लोकार्पण किया गया है। उक्त '' स्नेह सदन '' में 60 बेसहारा वृद्धजनों के सुविधापूर्ण निवास, भोजन, मनोरंजन आदि की व्यवस्था बनाई गई है तथा इस हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है। आज प्रदेश के उद्योग, वाणिज्य एवं श्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने '' स्नेह सदन '' पहुंचकर वर्तमान में वहॉ निवास कर रहे 08 वृद्धजनों से मुलाकात की, उनका हालचाल जाना तथा कम्बल व फल भेंट कर उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी।

वृद्धजनों के लिए की गई उत्तम व्यवस्था के लिए साधुवाद – इस अवसर पर उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि इस '' स्नेह सदन '' वृद्धाश्रम में हमारे वृद्धजनों के लिए प्रशासन द्वारा बहुत अच्छी व्यवस्था की गई है, उनके रहने, खाने की उत्तम व्यवस्था के साथ–साथ पलंग, अलमारी की व्यवस्था, भोजन की व्यवस्था सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराई गई हैं, जिसके लिए जिला कलेक्टर श्री अजीत वसंत व निगम आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय को मैं बधाई देता हूॅ, उनका साधुवाद करता हूॅ। उन्होने कहा कि निश्चित रूप से बेसहारा वृद्धजनों को सहारा देना, उनकी देखभाल करना बहुत की पुन्य का कार्य है, हम सबका नैतिक दायित्व भी है कि हम वृद्धजनों की पूरे तन–मन से देखभाल करें, प्रशासन ने इस दिशा में उत्कृष्ट कार्य किया है, जिसके लिए मैं पुनः प्रशासन को बधाई देता हूॅ।

बेसहारा वृद्धजन आ सकते हैं '' स्नेह सदन '' में – इस मौके पर कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने कहा कि '' स्नेह सदन '' का निर्माण बेसहारा वृद्धजनों के लिए कराया गया है, ऐसे वृद्धजन जो वास्तव में बेसहारा हैं, जिनके आगे–पीछे कोई नहीं है, जिनके रहने–खाने की व्यवस्था नहीं है, वे स्नेह सदन में आकर रह सकते हैं, यहॉ पर उनके लिए रहने–खाने आदि की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। उन्होने कहा कि यदि जिले के बाहर के भी वास्तविक बेसहारा वृद्धजन स्नेह सदन में आते हैं तो उनका भी स्वागत है।

इस अवसर पर निगम के अपर आयुक्त विनय मिश्रा, उप संचालक समाज कल्याण विभाग श्रीमती गोयल, वैभव शर्मा, कार्यपालन अभियंता ए.के.शर्मा, एन.के.नाथ, भूषण उरांव व राकेश मसीह, सहायक अभियंता राहुल मिश्रा, यशवंत जोगी, प्रमोद जगत आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।